SHRI JAWHAR SIRCAR: I repeat 42 to 45 per cent, one of the lowest in the world. It has just gone up to 50 per cent. We look at gender gap. Jebi already mentioned about the gender gap. I repeat that compare the gender gap of India at 28 per cent with double that in Bangladesh. She also mentioned about the rising debt. I repeat public debt is increasing at a phenomenal rate as we are binding future generations, your grandsons, your sons, my sons and my grandsons to a debt that we are not entitled to.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY): Thank you, Mr. Sircar. Your time is over.

SHRI JAWHAR SIRCAR: One more minute, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY): One more minute I have already given to you. ...*(Interruptions)*..

SHRI JAWHAR SIRCAR: Debt ratio has come to almost 90 per cent. Sir, just one last word, one last word on defaulters, on banks, just one word; we were coming around to the banks, defaults of the banks and there yesterday's figures, that is why I am giving it to the House, is 14.5 lakh crores of rupees have been written off. Dr. Karad is sitting there. He insists that writing off means nothing, but I insist that writing off is actually the legitimization of the destruction of your funds, my funds kept with the banks. (*Time-bell rings*) The corporate sector .. *(Time-bell rings)*... I will give the calculations.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY): I will have to call the next speaker. ...*(Interruptions)*..

SHRI JAWHAR SIRCAR: Thanks to the cooperation, thanks to the transparent reply given by Dr. Karad and others, the corporate sector alone has liquated ten lakh crores rupees in nine years. Sir, Rs. 10 lakh crores have gone down the drain to save the corporate sector! Whereas, NREGA — hon. Minister is sitting somewhere here who alone has ...(*Interruptions*)...*

*Not recorded.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY): No, no. Please stop. Mr. Wilson, please start.

SHRI P. WILSON: Sir, don't deduct it from my time.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY): Mr. Wilson, please start. It is not being recorded.

SHRI P. WILSON (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, a lot of discussion has taken place in this august House. My previous speakers have talked about how economic condition of our country has deteriorated. I wanted to point out a few. When you came to power in 2014 and re-elected in 2019, what did you promise? Did you implement these promises? I remind you some of the promises you have made. You said that you will reduce price of LPG, petrol and diesel. You promised Rs. 15 lakhs in bank account of each citizen of this country. What happened to the same? You promised that you will link sixty rivers with an estimated cost of Rs. 5.5 lakh crores. What has happened to that? You promised US$ 5 trillion economy in 2019 to win over for the second time. What is the economy today? In 2016, you promised doubling farmers' income by 2022. What has happened to it? You promised cleaning of Ganga. You promised inland waterway transport system. You promised 2 crore jobs and controlling prices. These have all been reduced to mere words. Today, Sir, more than 10 lakh vacancies have been registered on the National Career Service Portal. What steps have you taken to fill these vacancies? There is a failure in Make-in-India, StartUp India, demonetization and GST regime. These policies have weakened the institutions and the economy. And, these are the shining examples as to how today's economy is.

Sir, Tamil Nadu is the 10th largest State in India, is the 2nd wealthiest State in terms of GDP and is the 2nd largest contributor to India's GDP. For every rupee that Tamil Nadu contributes to the Centre, it gets only twenty-nine paise! This demonstrates the immense contribution made by our State. But, what is the return it is getting? Today, I will dwell into the step-motherly treatment which my State is facing in the hands of the Union Government. However, the present Government has been helping their corporate friends to earn humongous profits and showering non-existent promises to the citizens of the country! Sir, I wanted to ask a question. Has the per-capita income of every Indian citizen increased? Sir, villages are the worst affected. There is no agriculture. There is no industrial growth. There are no jobs.

The daily-wagers, low income workers are the sufferers because of rise in prices of essential commodities and leading a miserable life.

You have sold all the public sector undertakings in the country. The business owners have also been adversely affected by the rise in prices of essential commodities as they have not been able to cope with the rising prices and have also not been able to get rise in the price of their finished goods which makes it difficult for them to survive in this competitive world. Sir, first of all, I wanted to place how our State is meted out step-motherly treatment. Sir, there are 17 projects floated in Tamil Nadu by NHAI. About eleven projects are pending for more than three years because of non-allocation of necessary funds. The Ministry of Statistics and Programme Implementation had itself, on 12th September 2023, uploaded on its website that 42 projects in Tamil Nadu -- that too important projects, including nuclear projects — are delayed.

Sir, my friend was talking about Corona and how it was dealt with. In Tamil Nadu, we have a Vaccine Park in Chengalpattu district. It was established at the cost of Rs. 2000 crores. The Government of Tamil Nadu has given vast lands for it. Right from the day one, when the Vaccine Park came into existence, not even one vial has been manufactured there because they wanted to promote some private players and they kept it closed for many years despite the Chief Minister's request during Covid times to hand over that to them so that they can manufacture vaccines and supply to the entire country. But the Centre showed deaf ears. They refused to budge.

Insofar as Railway projects are concerned, we have a body building factory, that is, the Integral Coach Factory in Avadi. Many rail coaches have been manufactured by this Integral Coach Factory. But, today, the sad state of affairs is that they are going to other countries and purchasing coaches, ignoring the factory that is already available in Tamil Nadu. In Chennai Metro Rail Projects, Phase-II projects are pending with the Cabinet Committee of Economic Affairs. The clearance is not being given for the last two years, despite repeated requests.

So far as the Food Corporation of India is concerned, the subsidy of Rs. 6,500 crores for the PDS rice has not been disbursed to Tamil Nadu. Likewise, the CMR subsidy of Rs. 5,704.09 crores has not been disbursed to Tamil Nadu. In CMRL, 50:50 equity share requested, similar to phase I, is pending with the Government of India for Cabinet approval.

So far as Election Commission expenses are concerned, Rs. 213 crores are pending. Similar is the case with Home Guards. Sir, Rs. 77.76 crores are pending.

In Tamil Nadu, we have the highest number of toll plazas. There are about 55 toll plazas in each and every nook and corner. As per the Act, you should have one

toll plaza at every sixty kilometres. There are about sixteen excess toll plazas in Tamil Nadu. All the money, which is collected by these toll plazas, is not being utilized for road infrastructure in Tamil Nadu. Still, it is drained out. The saddest thing is that toll fee is increased every year without any application of mind. There is one stretch about which even our Chief Minister called the Road Highways Minister and said that that stretch needed immediate attention. But sadly, even after a lapse of six months, the stretch, which is in Vellore, is yet to be repaired.

So far as sugarcane growers are concerned, they are selling their yields to the mill owners. But, no price has been paid for their yields for the last five years. The mill owners are getting protection. That's why they are not making payments to farmers.

So far as spinning mills are concerned, they are incurring heavy losses because of the increase in the prices of raw materials, high inflation, and slowdown in the global economy. In fact, our Chief Minister has written a letter requesting the Union Government to provide financial support for MSMEs in textile sector, to restructure the existing loans under Emergency Credit Land Guarantee Scheme and to disburse fresh loans under ECLGS by reducing regular interest to offset losses.

We have recently faced cyclone. For four days we had very heavy rainfall.

4.00 **P.M.**

Even today, we are receiving heavy rainfall. In fact, our Chief Minister has demanded a sum of Rs.5,000 crores as an interim financial assistance. I only request my good friends to see that the said financial assistance is sanctioned and disbursed immediately. One thing I have to bring to your attention. Sir, you are also a learned Member of our fraternity. They have brought the Insolvency and Banruptcy Code, 2016. This law has been legislated for the industrial friends who want to acquire industry. Under the garb of legal procedure, they are liquidating many industries. The principles such as waterfall mechanism, clean-slate theory, hair-cut, write off, wipe off the debts, are all the nomenclatures or the terms they use in order to wipe out the industries for a song. The regime is nothing but a way to buy expensive assets at discounted rates as they are purchasing through public money and the public money has no real value in this nation. Thank you very much, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY): Thank you. Now, Shri Vijay Pal Singh Tomar. आपका बोलने का समय पांच मिनट allot किया गया है।

श्री विजय पाल सिंह तोमर (उत्तर प्रदेश) **:** धन्यवाद, उपसभाध्यक्ष महोदय। मैं सबसे पहले अपने यशस्वी प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उनके नेतृत्व में, विषम परिस्थितियों में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की सबसे तीव्र गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। हमारे देश की जीडीपी 7.6 है, जबकि चीन की जीडीपी हमसे कम रही है। इसका कारण यह है कि जब प्रधान मंत्री जी 2014 में आए, तब उन्होंने पार्लियामेंट की चौखट पर सिर झुकाकर यह कहा था कि मेरी सरकार गरीब, वंचित, किसान और गांव को समर्पित है। प्रधान मंत्री जी ने जो संकल्प लिया, उसको पूरा करने का काम भी किया।

महोदय, मैंने चौधरी चरण सिंह जी के साथ काम किया है। वे कहा करते थे कि देश की समृद्धि का रास्ता खेत-खलिहान, गांव और गरीब से होकर गुजरता है। जब भारत विश्व का आर्थिक रूप से सबसे सम्पन्न राष्ट्र था, तब देश के 80 फीसदी लोग खेती से जुड़े हुए थे और 82 फीसदी लोग गांव में रहते थे। आज मैं देश पर 50 साल तक राज करने वालों से पूछना चाहता हूं कि गांव में रहने वालों की संख्या घटकर 62 फीसदी और खेत में काम करने वालों की संख्या 55 फीसदी क्यों रही? ऐसा इसलिए क्योंकि उनको गांव में शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और सभी सहूलियतें उपलब्ध नहीं हुईं। प्रति व्यक्ति गांव पर एक-तिहाई भी शहर के मुकाबले में खर्च नहीं हुआ। इसीलिए किसान की हालत मजदूर से नीचे चली गई और हालत यह हुई कि किसान खेती छोड़ने लगे।

महोदय, मैं बताना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री जी की प्राथमिकता में यह रहा कि हम किसान की, महिलाओं की, गांव की और गरीब की चिंता करेंगे। इसीलिए उन्होंने कहा कि हर किसी के पास मकान हो, मकान में शौचालय हो, मकान में गैस का कनेक्शन हो, मकान में बिजली का कनेक्शन हो और उसमें रहने वाले गरीब का बच्चा बीमार है, वह मर न जाए, उसकी बीमारी के इलाज के लिए उसके पास आयुष्मान भारत योजना का कार्ड हो। आज माननीय प्रधान मंत्री जी के कारण करीब चार करोड़ घर प्रधान मंत्री आवास योजना के माध्यम से आए और उनमें से 60.89 परसेंट मकान महिलाओं के नाम पर हैं। इसी तरह से 9 करोड़ से अधिक उज्ज्वला गैस के कनेक्शन्स मिले हैं और साढ़े 11 करोड़ शौचालय बने हैं। मुझे याद है कि चौधरी साहब शाम के समय हर भाषण में कहा करते थे कि जब गाड़ी जाती है तब महिलाएं सड़कों के किनारे खड़ी हो जाती हैं, क्योंकि रोशनी पड़ती थी और वे उससे बचने के लिए खड़ी हो जाती थीं। उनके बारे में किसी ने सोचा नहीं था और उन्होंने इस कार्य को करने का काम किया। करीब 12 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना का कार्ड देने का काम किया गया। मुद्रा बैंक से जिनको ऋण मिला है, उसमें भी 58 परसेंट से अधिक ऋण महिलाओं को दिया गया है। महोदय, मैं बताना चाहता हूं कि कांग्रेस में पहले एक भूतपूर्व प्रधान मंत्री रहे थे। उन्होंने कहा था कि हम सौ रुपये भेजते हैं, लेकिन नीचे पंद्रह रुपये पहुंचते हैं, 85 रुपये बीच में खाए जाते हैं। हमारे प्रधान मंत्री जी ने दो ही काम किए हैं। उन्होंने एक काम तो यह किया है कि बीच की दलाली समाप्त कर दी। आज अगर सौ रुपये भेजेंगे तो सौ के सौ रुपये नीचे जाएंगे। उन्होंने दूसरा काम यह किया है कि जो बात गाँव, गरीब और किसान से संबंधित थी, उसके लिए वरीयता रखी। इसीलिए जब रोज़गार की बात आती है, तो रोज़गार का मतलब सरकारी नौकरी से नहीं है, रोज़गार का मतलब अन्य क्षेत्रों से भी है। आपने देखा होगा कि माननीय मोदी जी ने इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में क्या किया है।

[**उपसभाध्यक्ष (डा. सोनल मानसिंह**) *पीठासीन हुईं*]

50-60 सालों तक राज करने वाले बताएं कि देश भर में 2014 से पहले केवल 723 विश्वविद्यालय थे, परंतु आज कितने विश्वविद्यालय हैं? आज 1,113 विश्वविद्यालय हैं। पहले देश भर में 5,298 डिग्री कॉलेजेज़ थे, आज कितने डिग्री कॉलेजेज़ हैं? ये डिग्री कॉलेजेज़ नौ सालों में बढ़कर अब 43,796 हो गए हैं। पहले केवल 8 ऑल इंडिया मेडिकल इंस्टीट्यूट्स थे, लेकिन आज इनकी संख्या 23 है। ये मेडिकल इंस्टीट्यूट्स नौ वर्षों में 15 बढ़े हैं, जबकि 50-60 वर्षों में केवल आठ बने थे। इसके साथ ही 7 नए आईआईटीज़, 7 नए आईआईएम्ज़, 225 नये मेडिकल कॉलेजेज़ और 442 स्टार्ट अप्स थे, जो आज बढ़कर 1 लाख से ऊपर हो गए हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि जो भूतल परिवहन मंत्रालय है, आपके टाइम में उसका कितना बजट था? अगर यू.पी.ए. के लास्ट ईयर का देखते हैं, तो यह लगभग 34 हज़ार करोड़ रुपये है। भूतल परिवहन मंत्रालय का इसी साल का बजट 2 लाख, 70 हज़ार, 435 करोड़ रुपये है। इसके साथ ही प्रतिदिन बहुत बड़ी संख्या में रोड्स भी बन रही हैं। पहले आपके समय में 12 किलोमीटर रोड प्रतिदिन बनती थी, लेकिन अब 35 किलोमीटर का हाइएस्ट रिकॉर्ड रहा है, वैसे एवरेज़ भी 29 किलोमीटर पर डे की है। यह दुनिया का सेकंड लार्जेस्ट रोड नेटवर्क है। क्या यह काम नहीं हो रहा है? इतना पैसा है, तो इसमें रोज़गार भी होता ही है। महोदय, इसी तरह से मेट्रो ट्रेन की बात है। 2014 तक यह पाँच शहरों में 229 किलोमीटर तक पहुँची थी, आज 20 शहरों में 860 किलोमीटर तक पहुँच गई है। 2014 तक रेलवे लाइन का विद्युतीकरण 21,413 किलोमीटर तक हुआ था, लेकिन इन नौ वर्षों में यह 58,424 किलोमीटर तक हो गया है। किसानों के बजट में भी 6 गुना वृद्धि की गई है।

महोदय, आपका 2009-10 का बजट देखा है। यह बजट यूपीए के टाइम में किसानों के लिए 12 हज़ार करोड़ रुपये था। अगर पाँच सालों का हिसाब लगाएं, तो 1 लाख, 23 हज़ार करोड़ रुपये का बजट था। हमारा पिछले साल का 1 लाख, 25 हज़ार करोड़ रुपये का बजट था, इसीलिए हम किसानों को सब्सिडी देने का काम कर पा रहे हैं। हमने एक वर्ष में 2 लाख, 54 हज़ार करोड़ की सब्सिडी दी है।

महोदय, मैं भी किसान गाँव से ही आता हूं, कल माननीय मोदी जी ने भी कहा है कि डीएपी के एक बैग की इंटरनेशनल मार्केट में 4,070 कीमत है, लेकिन यह हमारे यहाँ के किसान को कितने रुपये में मिल रहा है? यह हमारे यहाँ के किसान को 1,370 रुपये में मिल रहा है। एक यूरिया के बैग की कीमत 2,450 है, लेकिन यह हमारे किसान को 266 रुपये में मिल रहा है। यह पैसा कौन दे रहा है? यह पैसा मोदी जी की सरकार दे रही है। एनपीके, एमओपी, जो 3,200 व 2700 रुपये के हैं, वे 1300, 1,700 रुपये में मिल रहे हैं। इस तरह से किसान को सब्सिडी देकर, एमएसपी को डेढ़ गुना करने का काम किया गया है ताकि उसकी लागत नहीं बढ़े।

महोदय, 2006 में स्वामीनाथन रिपोर्ट आ गई थी, फिर भी आपने उसको लागू क्यों नहीं किया? हमारी सरकार ने सत्ता में आने के बाद स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू की। हमने इस साल भी लागत के डेढ़ गुना मूल्य बढ़ाया है। इस बार भी धान का मूल्य 150 रुपये प्रति क्विंटल, मूंग का 400 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा है। सरकार ने एमएसपी बढ़ाने का काम किया है, MSP पर अधिक खरीदारी करने का काम किया है। मैं इसके साथ ही यह भी बताना चाहता हूं कि

इंटरनेशनल मार्किट में हमारे किसानों की जो डी ए पी प्रति बैग पर बचत हुई है, वह 2,700 रुपये प्रति बैग की हुई है। यूरिया पर करीब 2,450 रुपये प्रति बैग की बचत हुई है।

महोदय, मैं इसके साथ ही एक और बात कहना चाहता हूं। रक्षा के क्षेत्र के बारे में अभी माननीय दिनेश जी ने बताया है कि हम 16 हज़ार करोड़ रुपये के यंत्र निर्यात कर रहे हैं, जबकि हम पहले आयात किया करते थे। महोदय, ऐसे 4,100 आइटम्स हैं, जिनका आयात बंद हो गया है। वे स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए यहीं पर निर्मित होने लगे हैं। हमारे यहाँ पर 50 करोड़ से अधिक जन-धन खाते खोले गए हैं, 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन दिया गया है।

महोदय, कोरोना महामारी में दुनिया देख रही थी कि लोग कोरोना वायरस से मर रहे हैं। हमारे विदेश मंत्री से यूएनओ में कहा गया था कि यूरोप में तो संपन्न देश हैं, भारत का क्या होगा? मोदी जी ने अपने यहाँ के डॉक्टर्स, वैज्ञानिकों, फार्मा कंपनियों को बुलाया और कहा कि हमारे यहाँ सबसे पहले वैक्सीन आनी चाहिए। हमारे देश में सबसे पहले तीन वैक्सीन्स आईं, देश में 222 डोज़ लगाई गईं और उन्हें 110 देशों में भी भेजने का काम किया गया। आज हम दुनिया को देने वाले हैं, आज हम लेने वाले नहीं हैं। भारत बदला है। यह मोदी जी के नेतृत्व में बदला हुआ भारत है। आज हर घर नल से जल पहुँचाने की बात आई।

THE VICE- CHAIRPERSON (DR. SONAL MANSINGH): Please conclude.

श्री विजय पाल सिंह तोमर : एक मिनट, मैडम। माननीय प्रोफेसर साहब ने कहा कि मैं गाँव में जाता हूँ। मैं भी गाँव में जाता हूँ। मुझे तो कोई घर वैसा नहीं मिलता। मैंने कहा कि अब तो जाड़े का सीजन आ गया, मक्के की रोटी बनाओ और साग बनाओ। वैसा चूल्हा किसी के यहाँ नहीं है। आज हर घर में गैस है और उससे रसोई चल रही है। पाइपलाइन हर गाँव में बिछी हुई है। पाइप लग गई है और अब उसमें से पानी जा रहा है। करीब 8.5 करोड़ घरों में नल से जल पहुँच चुका है। मैं यह भी कहना चाहता हूँ कि 9 करोड़ से अधिक उज्ज्वला गैस के कनेक्शंस दिए गए हैं। कल भी एक बात आई थी कि किस तरह से गरीब महिलाओं की मदद करने का काम किया गया। 27 करोड़ को सैनिटरी पैड एक रुपए प्रति पैड से दिए हैं।

उपसभाध्यक्ष (डा. सोनल मानसिंह) : आपका समय समाप्त हो गया है।

श्री विजय पाल सिंह तोमर : जी, मैडम। हमारे करीब 10,000 जन औषधि केन्द्र हैं, अब 2024 तक और खुलने जा रहे हैं। गरीब को सस्ती दवा उपलब्ध हो, कोई गरीब का बच्चा मर नहीं जाए, इसकी चिन्ता करने का काम हमारे प्रधान मंत्री जी ने किया है। ...(**समय की घंटी**)... मैं सरकार को और अपने प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देता हूँ, जिन्होंने एक ऐतिहासिक काम किया है। विषम परिस्थितियों में देश आज तेज गति से आगे बढ़ रहा है। प्रधान मंत्री जी ने 2027 तक देश को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का जो संकल्प लिया है, उसे वे निश्चित रूप से सिद्धि तक पहुँचाने का काम करेंगे और 2047 तक भारत विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में आ जाएगा। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

उपसभाध्यक्ष (डा. सोनल मानसिंह) : धन्यवाद। माननीय श्री राघव चड्ढा जी।

श्री राघव चड्ढा (पंजाब) : महोदया, अच्छे दिन का वादा करके भारतीय जनता पार्टी सरकार में आयी।

उपसभाध्यक्ष (डा. सोनल मानसिंह) : अच्छे दिन तो आ गये।

श्री राघव चड्ढा : 2014 के बाद आज तक शायद ही इन्होंने इस अच्छे दिन के जुमले का प्रयोग किया होगा। 2019 के चुनाव से पहले एक वादा जरूर किया, देश की जनता को एक और ख्वाब दिखाया कि हम एक 'न्यू इंडिया' बनाएँगे और 2022 में जब भारत देश की आज़ादी के 75 साल हो जाएँगे तो 'अमृतकाल' आएगा, 'न्यू इंडिया' आएगा और हम ये बड़ी चीजें करेंगे। अब 2024 का चुनाव आ गया। कम से कम 2024 के चुनाव से पहले जो 'न्यू इंडिया' का वादा था और इन्होंने जो 25 बड़े वादे किये थे कि हम 2022 तक ये हासिल कर लेंगे, उनका आकलन होना चाहिए। आज मैं वादा बनाम वास्तविकता की, वादा बनाम सच्चाई की पूरी सूची लेकर आया हूँ और उसे आपके सामने रखना चाहूँगा।

महोदया, पहला वादा यह था कि 2022 तक भारत देश 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बन जाएगा। आज सच्चाई यह है कि हम उस वादे से बहुत कोसों दूर हैं। सवाल यह नहीं है कि पाँच ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी भारत बनेगा या नहीं बनेगा। अगर सरकार अपनी ऊँगली भी नहीं उठाए, तब भी हम बन जाएँगे, लेकिन सवाल यह है कि हम बनेंगे कब - 2037 में, 2028 में या 2030 में? लेकिन यह वादा पूरा नहीं हुआ।

दूसरा वादा यह किया कि 2022 तक हर भारतीय के पास एक बैंक अकाउंट, life insurance, accident insurance, pension और retirement planning सेवाएँ होंगी। सरकार की अपनी ही रिपोर्ट यह बताती है, 2022 की Economic Survey की रिपोर्ट सच्चाई दिखलाती है कि हर 100 लोगों में मात्र 3 लोग ऐसे हैं, जिनके पास life insurance है और हर 100 लोगों में मात्र एक आदमी या एक औरत ऐसी है, जिसके पास life insurance छोड़ कर अतिरिक्त insurance है। यह सच्चाई है। 'जन-धन योजना' में अकाउंट्स तो खुलवा दिए, लेकिन मैं पूछना चाहूँगा कि क्या कभी मुड़ कर उन अकाउंट्स की ओर भी देखा कि कितने खाते खाली हैं, कितने अकाउंट्स dormant हो गए?

इन लोगों ने जो तीसरा वादा किया था, वह यह था कि 2022 तक किसानों की आय को दोगुना कर देंगे। मैडम, अब ये इस वादे की बात भी नहीं करते। आय तो छोड़िए, सरकार ने पिछले 5 सालों में किसान का कर्जा दोगुना करने का काम किया। पिछले 18 quarters की सबसे lowest growth agricultural sector में इस quarter में देखी जा रही है, जो कि चौंका देने वाले आंकड़े हैं।

चौथा वादा जो किया था, वह यह था कि 2022 तक हर भारतीय के पास अपना घर होगा। सच्चाई आप जानती हैं कि कितने भारतीयों के पास अपना घर है। आम आदमी का घर तो छोड़िए, यहाँ पर सांसदों तक का घर छीना जा रहा है, यह सच्चाई है।

पाँचवाँ वादा यह किया था कि हर भारतीय के पास 2022 तक शौचालय होगा, यानी access to toilet होगा। अगर यह वादा पूरा हो गया होता, तो भारत में open defecation नहीं बढ़ता और National Family Health Survey की रिपोर्ट यह नहीं बताती कि आज लगभग 20 प्रतिशत Indian households ऐसे हैं, जो बिना toilet facility के जी रहे हैं और जहाँ-जहाँ नाम के वास्ते एक कमरे का टॉयलेट बना भी दिया, वहाँ पानी की सप्लाई नहीं पहुँची, सिर्फ इमारत खड़ी हो गयी। छठा वादा यह किया कि 2022 तक हर भारतीय के पास 24 घंटे, सातों दिन बिजली होगी। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल जी को छोड़कर, भारत देश के किसी एक सूबे में भी 24x7 इलेक्ट्रिसिटी आती है, तो मैं चुनौती देता हूँ कि सरकार के मंत्री मुझे आज यह बताएं। महोदया, 24x7 इलेक्ट्रिसिटी के लिए आपको उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान के गाँव में जाने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि नोएडा ही चले जाइए और बताइए कि क्या 2022 तक इन लोगों ने नोएडा में भी 24x7 इलेक्ट्रिसिटी देने का काम पूरा किया है! आज भी घंटों-घंटों के पावरकट लग रहे हैं। 7वां वादा - Every household will have LPG cylinder. 2022 तक हर घर के पास एलपीजी सिलेंडर होगा। वास्तविकता यह है कि एलपीजी के प्राइस बढ़ गए, सब्सिडी बंद हो गई और जो उज्ज्वला योजना के लाभार्थी थे, आज एक बार सिलेंडर रीफिल कराने में भी उन्हें नानी याद आ जाती है। जेब पर इतनी * डाली जा रही है। 8वां वादा था - Every Indian in rural areas will have a water connection by 2022.

उपसभाध्यक्ष (डा. सोनल मानसिंह) : माननीय सदस्य, * शब्द सुबह... प्लीज़, प्लीज़ ...(**व्यवधान**)...

श्री राघव चड्ढा : मैं उसे withdraw करता हूँ। * शब्द को withdraw करता हूँ।

8वां वादा था कि हर भारतीय के पास, जो ग्रामीण इलाकों में रहता है, 2022 तक अपना पानी का कनेक्शन होगा। सरकार के खुद के मंत्री ने अप्रैल, 2023 में राज्य सभा के पटल पर जवाब देते हुए बताया कि 40 प्रतिशत से ज्यादा ग्रामीण परिवारों, रूरल हाउसहोल्ड्स के पास आज भी टैप वाटर सप्लाई नहीं आती है, नलके में पानी नहीं आता है। न तो नलका है, न पानी है! मैं आगे चलता हूँ।

सरकार ने 9वां वादा किया था कि 2022 तक भारत देश मालन्यूट्रीशियन मुक्त हो जाएगा, यानी 2022 तक भारत देश से कुपोषण खत्म हो जाएगा, गायब हो जाएगा। * सच्चाई यह है कि आज चाइल्ड मालन्यूट्रीशियन में भारत देश दुनिया के मुकाबले सबसे खराब स्थिति में खड़ा हुआ है और ग्लोबल हंगर इंडेक्स बताता है कि 121 देशों में भारत की रैंकिंग 107-108 पर है। यह स्थिति है कि भारत देश की 74 प्रतिशत आबादी हैल्दी फूड अफॉर्ड नहीं कर सकती है, यानी लगभग सौ करोड़ के पास इनसफिशिएंट न्यूट्रीशियन पहुँच रहा है। यह सच्चाई है। 10वां वादा किया कि 2022 आते-आते हर ग्राम पंचायत के पास अपना फिक्स्ड ब्रॉडबैंड इंटरनेट कनेक्शन होगा। सच्चाई यह

---

* Withdrawn by the hon. Member.

है कि आज तक रूरल एरियाज़ में ब्रॉडबैंड इंटरनेट कनेक्शन की जो स्थिति है, उसका एक जायज़ा भारतीय जनता पार्टी की सरकार ले ले, तो पता लग जाएगा। हमारे देश की लगभग 65 प्रतिशत आबादी गाँवों में बसती है, लेकिन वहाँ अभी तक ग्राम पंचायतों के पास ब्रॉडबैंड इंटरनेट नहीं पहुंचा है। 11वां वादा किया था कि 2022 तक सौ प्रतिशत डिजिटल लिटरेसी आ जाएगी। आपको एनएसएसओ का डेटा बताएगा कि अभी आप अपना आधा लक्ष्य भी पूरा नहीं कर पाए हैं। 12वां बड़ा दिलचस्प वादा - है कि 2022 तक हिन्दुस्तान की सड़कों पर बुलेट ट्रेन दौड़ेगी। अब तो लोगों ने बोलना शुरू कर दिया है कि भाजपा का नारा है - बुलेट ट्रेन में बिठाएंगे, देश की सैर कराएंगे, लेकिन तारीख नहीं बताएंगे। ...(**व्यवधान**)... अब मैं आगे चलता हूँ।

भारत सरकार ने अपनी रिपोर्ट के माध्यम से जो 13th प्रॉमिस किया था, वह यह था कि हम 2022 तक रेल दुर्घटना में मरने वाले लोगों की संख्या को शून्य कर देंगे, यानी एक भी मौत नहीं होगी। इसी साल हमने बालासोर, ओडिशा और आंध्र प्रदेश में वह त्रासदियाँ देखी हैं, जिन्होंने हमारी आँखें खोलकर रख दीं, हमारी आत्मा को झकझोर दिया, ऐसे हालात रेल दुर्घटना से हमारे सामने आए।

14वां वादा किया था कि Growth rate in manufacturing sector will double by 2022. हम इसे लगभग 14 प्रतिशत के आस-पास लाकर खड़ा करेंगे। 14 प्रतिशत तो छोड़िए, पिछले दो वित्तीय वर्षों से हम पाँच या छः प्रतिशत पर मंडरा रहे हैं। आरबीआई का अपना खुद का टारगेट साढ़े छः परसेंट पर है। 15वां वादा था कि 20 मेडिकल फ्री जोंस बनाएंगे, to attract medical tourism. यह सिर्फ वादा था, कोई डिलीवरी नहीं हुई। 16वां वादा किया कि अंडर डेवलप्ड इलाकों में 100 न्यू टूरिस्ट डेस्टिनेशंस बनेंगे। यह सिर्फ वादा था, इस पर भी कोई काम नहीं किया गया। 17वां वादा था कि दस नए इनोवेशन डिस्ट्रिक्ट बनेंगे, जहाँ पर entrepreneurs और डिजाइनर्स लिव, वर्क एंड प्ले की नीति के तहत काम कर पाएंगे। यह सिर्फ वादा था, लेकिन कोई काम नहीं किया गया। 18वां वादा था कि हम 2022 तक मैनुअल स्कैवेंजिंग को शून्य पर लाकर खड़ा कर देंगे। Manual scavenging will be eradicated. सच्चाई यह है कि मंत्री जी खुद अपने जवाब में सदन में बताते हैं कि पिछले पाँच सालों में 339 डैथ्स सेप्टिक टैंक्स में हुईं और वर्ष 2022 में अकेले मैनुअल स्कैवेंजिंग की वजह से 66 रिपोर्टेड डैथ्स हुईं। इसके अलावा न जाने कितनी ही अनरिपोर्टेड डैथ्स हैं, जिनका आंकड़ा ही नहीं है। 19वां वादा था कि हम proportion of formally-skilled labour to workforce को बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर देंगे। सच्चाई यह है कि 2023 खत्म होने को आ रहा है, formally-skilled labour 15 परसेंट तो छोड़िए, बल्कि हम आज पाँच परसेंट पर मंडरा रहे हैं। जहाँ यूके में यह आंकड़ा 68 परसेंट है, जर्मनी में 75 परसेंट है, यूएस में 52 परसेंट है, जापान में 80 परसेंट है, वहीं भारत देश पाँच प्रतिशत के आस-पास खड़ा हुआ है। 20वाँ वादा यह किया था कि नई नौकरियां देंगे - 3 million jobs in healthcare; 40 million jobs in tourism; and, 5 million jobs in mines and minerals. नौकरी की तो जितनी बात की जाए उतनी कम है, मिलने की बजाय नौकरियां जा रही हैं। 21वाँ वादा - 2022 तक सिंगल प्लास्टिक यूज़ बैन हो जाएगा। नोटिफिकेशन लाकर बैन तो कर दिया, लागू कितना हुआ, यह मैं सरकार से पूछना चाहता हूं। 14 मिलियन टन प्लास्टिक इस साल भी हिंदुस्तान में यूज़ किया गया। बस, अब मैं समाप्त कर रहा हूं। 22वाँ वादा - क्रूड ऑयल और गैस के जो इम्पोर्ट्स हैं, 2022 आते-आते वे 10 प्रतिशत घटा दिए जाएंगे। 10 प्रतिशत तो छोड़िए, उसके चलते क्रूड ऑयल का हमारा जो

इम्पोर्ट बिल है, वह डबल हो गया। गैस, क्रूड, इन सबका इम्पोर्ट भारत देश में बढ़ता जा रहा है। 23वाँ वादा यह था कि हम नेशनल हाईवे की लेंग्थ को बढ़ाकर 2 लाख किलोमीटर कर देंगे। सच्चाई यह है कि 2 लाख किलोमीटर तो छोड़िए, 30 नवंबर, 2022 को गवर्नमेंट का अपना आंकड़ा बताता है कि हम लगभग 1,44,000 किलोमीटर के आसपास खड़े हैं, यानी इस वादे में भी फेल हो गए। 24वां वादा - यह बड़ा दिलचस्प है, आप सुनिएगा - No crop residue burning to reduce air pollution and PM-2.5 levels will come down to 50 by 2022. यानी पीएम 2.5 का लेवल 50 से नीचे आ जाएगा।... (**समय की घंटी**)... सच्चाई यह है कि आज भी पूरा उत्तर भारत गैस चैंबर बना हुआ है। केवल दिल्ली-चंडीगढ़ ही नहीं ,बल्कि लखनऊ-वाराणसी में भी वायु प्रदूषण है। सरकार को इसका समाधान ढूंढना चाहिए।न्होंने 25वाँ और आखिरी वादा यह किया था कि we would achieve a doctor-population ratio of, at least, 1:1400, and a nurse-population ratio of, at least, 1:1500. यह वादा पूरा करने में भी यह फेल रही।

THE VICE- CHAIRPERSON (DR. SONAL MANSINGH): Please conclude.

श्री राघव चड्ढा : सच्चाई यह है कि प्राइमरी हेल्थ केयर सेंटर्स हों या CHCs हों, इन सब में डॉक्टर्स और नर्सेज़ की शॉर्टेज है। उसे बढ़ाना तो दूर, जो एक्जिस्टिंग सेंटर्स हैं, आज उनमें भी फोर्स नहीं है।

THE VICE- CHAIRPERSON (DR. SONAL MANSINGH): Please conclude.

श्री राघव चड्ढा : मैं अंत में बस इतना कहूंगा कि 25 वादे सरकार ने किए थे कि ये बड़े वादे हम 2022 तक पूरे करेंगे। इन 25 में से एक वादा भी पूरा नहीं किया, अब क्या मुंह दिखाकर ये 2024 में लोगों से वोट मांगने जाएंगे? ...(**समय की घंटी**)... कोई साधारण आदमी अगर वादा कर वादाखिलाफी करता है, तो उस पर कार्रवाई होती है, उस पर पर्चा दर्ज हो जाता है, 420 की धाराएं लग जाती हैं।

उपसभाध्यक्ष (डा. सोनल मानसिंह) : माननीय सांसद जी, आपका समय समाप्त हो गया।

श्री राघव चड्ढा : जब सरकार वादा करके मुकरती है, तो जनता की अदालत उसका फैसला करेगी। मैडम, बहुत-बहुत शुक्रिया। जय हिंद, जय भारत!

DR. AMAR PATNAIK (Odisha): Madam, first of all, I would like to congratulate the Government and the hon. Finance Minister -- she is not here -- for the kind of direction that has come to the economy which was reflected in the last quarterly result of GDP, which grew at the rate of 7.6 per cent in the July-September quarter of the Financial Year 2023-24 beating all expectations by all the rating agencies. I am also happy by the fact that under the leadership of our hon. Chief Minister, Shri Naveen

Patnaik, our State also has been beating the national growth rate consistently for the last ten years. The trajectory of growth, that has been set in motion by the Government during the last five or six Budgets with particular emphasis on capital expenditure, I think, is in the right direction. The policy push has been reflected in the consistent economic growth.

Now, I would like to draw your attention to a few of the global economies and how they have fared during this period because that would set the context for seeing how Indian economy has performed during this period. If we see 2022 GDP growth figures, India growth rate stood at 7.2 per cent. I am quoting the IMF figures. China was at 3 per cent; U.K. at 4.1 per cent; the U.S. at 2.1 per cent; and, Germany at 1.8 per cent. The IMF's projected GDP growth rate for India during 2023 is 6.3 per cent. If we go by what has happened today, I think, we are going in the right direction and would, probably, be beating that projection.

Now, I have heard from the Opposition benches here as many of my colleagues have talked about a number of things that India should have been doing and India should have been achieving, but for all that, we need the GDP to grow and that is what is happening. So, I think, the thrust of this current debate that we are having in this Short Duration Discussion is: Where are we heading as far as the Indian economy is concerned? I think, we are on a strong wicket. Having said so, I would also like to state that it is important to look into granular details of what has spurred this growth and what has to be done further. What I am going to say now is that we are in a very nice position to bring in structural changes in the economy. We are going in that direction. Over reliance on private consumption expenditure to shift towards an investment-oriented growth strategy, I think, is a step in the right direction but for that, the policy push has to be stable and consistent.

Let me look at the real gross value added because that indicates the actual value addition that has taken place in the economy and these are the latest figures. Here, there are some concerns, and, therefore, my suggestion to the Treasury Benches is to somehow ensure that these fault lines are addressed. Firstly, on the Agriculture, Forestry and Fishing, if we look at the figures from 2019 onwards, it has consistently decreased. In the Agriculture, Forestry and Fishing, it has consistently declined and it has come to 1.22 per cent in 2023. It is a cause of worry because food security, whatever said and done, is one of the most important requirements for the growing population and growing economy. Agriculture and Allied sector has seen this steady decline from 4.3 per cent it grew during the pandemic years, which made us survive the pandemic, to 1.2 per cent. What it calls for is investment in agriculture, and, therefore, the Government came up with Agriculture Infrastructure Fund.

However, against the projected one lakh crore spending in the agriculture sector in this particular scheme, only 26,000 crore of rupees have been sanctioned and only 21,000 crore of rupees have been spent. I think, a lot requires to be done in the rural sector.

Coming to the Swaminathan Committee Report, which has been talked about for increasing the income of the farmers and for fixing the Minimum Support Price, it is yet to be done. It has to be based on the C2 formula, that is, the composite price, and, it has been the consistent demand of our Party, the Biju Janata Dal under the leadership of our Chief Minister, Shri Naveen Patnaik. We have been raising this demand at all fora. That is not happening but that has to happen. The deceleration in the agriculture translates into some stress in the rural sector and this has to be recognized. The rural economy has to go up in case we have to maintain the growth momentum and the structural shift remains where it is and it does not change its position frequently year on year.

If we see the services sector, the growth rate in the services sector has come down to 5.8 per cent and this is a deceleration. Previously, our economy was heavily dependent on the services sector but what happens if the services sector goes down. Particularly in the trade, hotels, transport, communication or broadcasting services, it has just grown by 4 per cent. These are the sectors which provide jobs. Unless we grow in these sectors by consistent policy efforts by budgetary allocation, by increasing private investment in these sectors, jobs will not be created and the unemployment problem will consistently haunt us and, therefore, this is something which the Government has to think about.

Madam, I also want to talk about the social sector. In the social sector, the last Economic Survey mentioned that out-of-pocket expenses are 48 per cent. This has to decrease, and, therefore, Government's spending on health has to increase but this has not happened. It has to be consistently done given the fact that our economy is growing at a healthy rate. The growth of the Indian economy depends on the growth of the State economies and the growth of the State economies can increase only when the Central allocation, by way of devolution of funds, increases. What we have seen is that it has consistently decreased and currently, it is at 30 per cent, which is not doing good to the economic situation in the States. We have to ensure that the regional imbalance that exists between several States in terms of attracting foreign investment because of the infrastructure which is already there, has to be addressed by either declaring some of the States like Odisha or Andhra Pradesh as special focus States or by making infrastructure push in these sectors which will lift them to a level where foreign direct investment can also come into these sectors.

Madam, there is a point that I wanted to make relating to tax-to-GDP ratio. Tax-to-GDP ratio has shown a good trend recently. The GST collection has increased, which basically means that formalization of economy is taking place. But, at the same time, 90 per cent of the people are still employed in informal economy. This is a contradiction which, I think, the Government needs to address at some point of time because unless this is addressed, a structural problem may still remain in the economy even as we are growing in GDP terms. The tax-to-GDP ratio at 11.1 per cent is at par with 2023 Revised Estimates, but it is less than the average of many emerging economies, including the OECD economies where it is 33 per cent. So, we have to bring this structural change in our economy in terms of revenue collection tax as a percentage of GDP.

The last point, Madam, which I want to make is relating to private sector investment. The investment that has already happened which is spurring this economic growth, which our economy analysts are also saying is basically backed by the Government capital expenditure, which is welcome. *(Time-bell rings.)* But this capital expenditure has to be backed by the investment from the private sector in the economy. The households sector's investment in the economy is already happening, but the private sector's investment is not happening. This is a cause for worry, and for that, I think, several more policy push have to be made because this would be another source in which jobs can be created, employment opportunities can be created and unemployment can be addressed.

Lastly, Madam, there was a talk about female labour force participation. There was a discussion as to the stark reality of our female labour force participation being very low compared to other countries.

THE VICE- CHAIRPERSON (DR. SONAL MANSINGH): Please conclude.

DR. AMAR PATNAIK: Actually, there is an increase in female labour force participation, thanks to the Government, by 37 per cent in 2023. Several such measures will have to be taken to bring it to a level in which we can be comparable to other countries. So, in short, Madam, I would like to say that the economy is in good hands, but there are fault lines. *(Time-bell rings.)* These fault lines have to be addressed. And if that happens, then the country's growth trajectory will be more inclusive, more sustainable and it will benefit all sections of the society. Thank you.

SHRI AYODHYA RAMI REDDY ALLA (Andhra Pradesh): At the outset, I would like to thank the hon. Vice-Chairman Madam for giving me the opportunity to speak on the

economic situation prevailing in the country. I would like to emphatically state that the 20th century belonged to China but the 21st century belongs to India. India has emerged as one of the fastest growing economies in the world despite challenges in the global environment. Those challenges include the rise in geopolitical tensions, disruption of supply chains, global tightening of monetary policies and inflationary pressures. The economy is projected to grow at 6.5 to 7 per cent rate in the fiscal year 2024, but the country's economy expanded 7.6 per cent in July-September quarter, surpassing the projections of 6.5 per cent of growth estimates by the RBI. India's growth rate is almost twice the average of emerging market economies. What is really working for us? India's economic progression is being powered by the Government's emphasis on public infrastructure investment, capital expenditure and increased bank rate growth. Government spending has been up by 12.4 per cent. Manufacturing and construction sectors have also seen growth with the rise in demand for new projects. The biggest boost in the growth came from the services sector which grew at 10.3 per cent in the first quarter, up from 6.9 per cent in the previous quarter. This can be attributed to strong growth in the financial, agriculture, real estate and other services sectors as well. As an emerging economy, India has been able to control its inflation while many advanced economies are dealing with severe inflation and have not yet been able to stabilize their economies. According to IMF estimates, the Indian economy will emerge as the world's third largest economy by 2027, surpassing Japan's and Germany's GDP, as we are going to cross five trillion dollars. Madam, India's digital infrastructure is the best in the world. Our digital infrastructure development has helped in faster delivery of financial services and helped make a positive impact on financial inclusion. According to the G-20 Policy Document prepared by the World Bank, India has achieved a remarkable 80 per cent financial inclusion rate in just six years -- a feat that would have taken nearly five decades without a digital public infrastructure approach. Andhra Pradesh Government, under the able and dynamic leadership of Mr. Jagan Mohan Reddy, has used this digital infrastructure to transform the State to the next level.

Madam, I would like to mention the developmental statistics that Andhra Pradesh has given in the economic situation of our country. Andhra Pradesh records 50 per cent GSDP growth in four years -- jumping from 16 to 4. In March 2019, Andhra Pradesh ranked, in terms of growth rate, 16th out of 28 States with GSDP of 8.7 lakh crore rupees. However, as per the latest RBI Report, 2022-23, Andhra Pradesh jumped to rank four in terms of the GSDP growth in the country with a GSDP of 13.17 lakh crore rupees. The State recorded 50 per cent GSDP growth in the last four years.

There has been a significant uptick in per capita income. Andhra Pradesh moves from spot 17 to 9. In March 2019, Andhra Pradesh ranked 17th in the country with a per capita income of 1.5 lakh rupees. In just four and a half years of CM Jagan-led Government, the per capita income has increased to 2.1 lakh rupees and currently has acquired ninth spot among other States. These are all from the RBI's Handbook of Statistics.

The debt growth rate is down by 111 per cent -- from 169 per cent in 2014 to 58 per cent in 2023. Under the Chandrababu Naidu's Government, in 2014, the debt growth rate of State was as high as 169 per cent.

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: Madam, he is taking the name. ...(*Interruptions*)...

THE VICE- CHAIRPERSON (DR. SONAL MANSINGH): Hon. Member, name should not be mentioned. ...(*Interruptions*)...

